# MP BOARD CLASS 10 EM HINDI GENERAL MODEL PAPER SET 2 2020

म.प्र. बोर्ड कक्षा 10 EM हिन्दी (सामान्य) मोडल पेपर सेट 2 2020

समय :3 घण्टा ] [पूर्णांक : 100

निर्देश : (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1x5-5 अंक निर्धारित हैं। कुल अंक (1x5x5=25) हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए दो-दो अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 30 शब्द है।

(iv) प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए तीन-तीन अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा 30 से 75 शब्द है।

(v) प्रश्न क्रमांक 22 से 24 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए चार-चार अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा 75 से 120 शब्द है।

(vi) प्रश्न क्रमांक 25 से 27 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए पाँच-पाँच अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा 120 से 150 शब्द है।

(vii) प्रश्न क्रमांक 28 के लिए (7 +3 = 10) अंक निर्धारित हैं। 'अ' खण्ड के लिए 7 अंक हैं। शब्द-सीमा 200 से 250 शब्द है। खण्ड 'ब' के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न 1. सही विकल्प का चयन कीजिए- 1×5=5

(i) दादा कर्मचन्द का पोता परेश पढ़-लिखकर किस पद पर पहुँचा ?

(क) तहसीलदार, (ख) नायब तहसीलदार, (ग) कलैक्टर, (घ) मुंशी।

(ii) तुलसीदास का राम से कैसा नाता है ?

(क) मित्र, (ख) भाई, (ग) रिश्तेदार, (घ) भक्त और भगवान ।

(iii) 'सरस्वती' पत्रिका के सम्पादक थे-

(क) रामचन्द्र शुक्ल, (ख) महावीर प्रसाद द्विवेदी,

(ग) भारतेन्दु हरिशचन्द्र, (घ) हजारी प्रसाद द्विवेदी।

(iv) 'तुम्हारी विरासत' कविता के रचयिता का नाम है-

(क) उषा वर्मा, (ख) शंकर घोष, (ग) उषाराजे सक्सैना, (घ) दिवाकर वर्मा।

(v) पर्यायवाची शब्द को कहते हैं-

(क) एकार्थी, (ख) अनेकार्थी, (ग) विलोमार्थी, (घ) समानार्थी।

उत्तर-(i) (ख), (ii) (घ), (iii) (ख), (iv) (क), (v) (घ)।

प्रश्न 2. सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पर्ति कीजिए- 1x5=5

(i) राम के आगमन पर प्रकृति ने ....... वंदनवार सजाये थे। (फलों के/फूलों के)

(ii) मीरा ने .............रूपी धन पा लिया है। (श्याम रतन/राम रतन)

(iii) योगी अरविन्द का जन्म .............में हुआ था। (मद्रास/कलकत्ता)

(iv) नाटक के .............. तत्व माने गए हैं। (छः/आठ)

(v) काम को प्रारम्भ करने के लिए मुहावरा ....... है। (इतिश्री करना/श्रीगणेश करना)

उत्तर-(i) फूलों के, (ii) रामरतन, (ii) कलकत्ता, (iv) आठ, (v) श्रीगणेश करना।

प्रश्न 3. सत्य/असत्य चुनकर लिखिए- 1x5=5

(i) जिस समास में दोनों पद प्रधान होते हैं, वहाँ द्वन्द्व समास होता है।

(ii) देशज शब्द को आगत शब्द भी कहते हैं।

(iii) 'शबरी' कविता पौराणिक प्रसंग पर आधारित है।

(iv) योगी अरविन्द नर्मदा किनारे स्वामी ब्रह्मानन्द के दर्शन करने गये।

(v) कलिंग की महारानी का नाम अमिता था।

उत्तर-(i) सत्य, (ii) असत्य, (iii) सत्य, (iv) सत्य, (v) सत्य।

प्रश्न 4. सही जोड़ी बनाइए- 1x5=5

| | |
|---|---|
| (i) सूखी डाली | (क) बरखा गीत |
| (ii) जो पीड़ा को दुलरा सकता | (ख) उपेन्द्रनाथ अश्क |
| (iii) शबरी प्रसंग | (ग) तत्सम |
| (iv) स्वर वर्ण का व्यंजन वर्ण से मेल | (घ) डॉ. प्रेम भारती |
| (v) दंत, दंश, दधि, दुग्ध | (ङ) व्यंजन सन्धि |

उत्तर-(i)→ (ख), (ii)-→ (क), (ii)→ (घ), (iv)→ (ङ),(v)→ (ग)।

प्रश्न 5. एक शब्द/वाक्य में उत्तर लिखिए- 1x5=5

(i) जिसके आगमन की तिथि निश्चित न हो, उसे क्या कहते हैं ?

(ii) समास कितने प्रकार के होते हैं ?

(iii) 'सुखी डाली' एकांकी में दादा का नाम क्या है ?

(iv) 'शबरी' कविता के रचयिता कौन हैं ?

(v) उज्जयिनी किस प्रदेश में है ?

उत्तर-(i) अतिथि, (ii) छः, (iii) मूलराज, (iv) डॉ. प्रेम भारती, (v) मध्य प्रदेश में।

प्रश्न 6. धर्म का मथा हुआ सार क्या है ? 2

अथवा

कलिंग की महारानी कौन थी तथा वह जंजीरों से किसे बाँधना चाहती थी ?

प्रश्न 7. अरविन्द का जन्म कब और कहाँ हुआ था ? उन्होंने कौन-कौन सी भाषाएँ सीखीं? 2

अथवा

इण्डियन प्रेस में काम करते हुए द्विवेदी जी ने कौन-सी पुस्तक लिखी ?

प्रश्न 8. निबन्ध मुख्य रूप से कितने प्रकार के होते हैं ? 2

अथवा

नाटक और कहानी में कोई दो अन्तर लिखिए।

प्रश्न 9. आत्मकथा और जीवनी में कोई दो अन्तर बताइए। दोनों विधाओं का एक-एक उदाहरण लिखिए। http://www.mpboardonline.com 2

अथवा

आत्मकथा किसे कहते हैं? आत्मकथा की दो विशेषताएँ बताते हुए दो आत्मकथा लेखकों के नाम लिखिए।

प्रश्न 10. विसर्ग सन्धि किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित बताइए। 2

अथवा

निम्नलिखित में समास विग्रह कीजिए और समास का नाम लिखिएदिगम्बर, चौमासा।

प्रश्न 11. निम्नलिखित शब्दों के तद्भव रूप लिखिएशयन, सूर्य। 2

अथवा

निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिएचन्द्रमा, कमल।

प्रश्न 12. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के विलोम शब्द लिखिएसज्जन, सुगम, स्वतन्त्र, देशी। 2

अथवा

निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए(i) जिसका ईश्वर में विश्वास हो, (ii) जिसे देखा न जा सके।

प्रश्न,13. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए- 2

(i) क्या तुम विद्यालय जाओगे। (आज्ञावाचक)

(ii) मोहन आज दिल्ली जायेगा। (प्रश्नवाचक)

अथवा

निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए-

(i) उसे लगभग पूरे प्राप्तांक प्राप्त हुए हैं।

(ii) मैं आपकी श्रद्धा करता हूँ।

प्रश्न 14. विराम चिह्न किसे कहते हैं ? 2

अथवा

निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

(i) टस से मस न होना, (ii) नौ-दो ग्यारह होना।

प्रश्न 15. निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर उनके प्रकार बताइए- 2

(i) सब कुछ अपने सुख और विलास के लिए करता तो चोर कहलाता।

(ii) बच्चा शोर मत करो।

अथवा

दीर्घ सन्धि किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखिए।

प्रश्न 16. तुलसीदास जी ने परमहित किसे कहा है ? 3

अथवा

होली के आनन्द में संगीत के साज कैसे बजते हैं ?

प्रश्न 17. कर्मवीर मनुष्य के मार्ग में कैसी बाधाएँ आती हैं ? 3

अथवा

'जागी फिर से सोई पीड़ा' से कवि का क्या आशय है ?

प्रश्न 18, जमाने के चलन को सुधारने के लिए कवि की युवाओं से क्या अपेक्षाएँ हैं? 3

अथवा

'जिसका चरण निरन्तर रत्नेश थो रहा है' से कवि का क्या आशय है ?

प्रश्न 19. कौन-से मनुष्य आत्महनन का मार्ग अपनाते हैं ? 3

अथवा

महावीर प्रसाद द्विवेदी ने अपने लिए कौन-से चार सिद्धान्त निश्चित किये और उनका पालन करने में वे कहाँ तक सफल हुए ?

प्रश्न 20. अशोक ने कौन-सी प्रतिज्ञा की ? 3

अथवा

अति व्यस्तता ने मानव जीवन को किस प्रकार प्रभावित किया है ?

प्रश्न 21. 'विद्वता की शोभा अहंकार नहीं विनम्रता है।' इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। 3

अथवा

'सादा जीवन और उच्च विचार' का आशय समझाइए।

प्रश्न 22. प्रसन्न व्यक्ति की ओर लोग क्यों आकर्षित होते हैं? 4

अथवा

जीवन में समय की पाबंदी के साथ-साथ कुछ लचक रखना भी क्यों जरूरी है?

प्रश्न 23. कर्मवीर मनुष्य की विशेषताएँ बताइए। http://www.mpboardonline.com 4

अथवा

'इस नदी की धार में' गजल का केन्द्रीय भाव लिखिए।

प्रश्न 24. निम्नलिखित पद्यांश की सन्दर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए- 4

पर्वतों को काटकर सड़कें बना देते हैं वे।
सैकड़ों मरुभूमि में नदियाँ बहा देते हैं वे॥
गर्भ में जल-राशि के बेड़ा चला देते हैं वे।
जंगलों में भी महा-मंगल रचा देते हैं वे॥
भेद नभ-तल का उन्होंने है बहुत बतला दिया।
है उन्होंने ही निकाली तार की सारी क्रिया॥

अथवा

पायो जी मैं तो राम रतन धन पायो।
वस्तु अमोलक दी मेरे सतगुरु, करि किरपा अपनायौ॥
जनम-जनम की पूँजी पाई, जग में सबै खोवायौ।
खरचे नहिं कोई चोर न लेवे, दिन-दिन बढ़त सवायौ।
सत की नाव खेवटिया सतगुरु, भव सागर तरि आयौ।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर, हरखि-हरखि जस गायौ।

प्रश्न 25. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

भारत विविधताओं वाला देश है। यहाँ अनेक धर्म, भाषाएँ, परम्पराएँ पायी जाती हैं। फिर भी भारत राष्ट्र की विशेषता अनेकता में एकता है। भारत में ऐतिहासिक एकता है। कश्मीर से केरल तक और अटक से कटक तक भारत का इतिहास एक है। देश में भौगोलिक एकता भी पायी जाती है। प्राचीन काल से ही संस्कृत भाषा ने राष्ट्रीय एकता को मजबूत किया है। भारत में सभी धर्म के मानने वाले परस्पर प्रेमभाव से रहते हैं। देश में खान-पान, रहन-सहन, भाषा की विविधताओं के बावजूद राष्ट्रीयता की भावना दिखाई देती है। राजनीतिक दृष्टि से भी भारत एक है। भारत एक राष्ट्र है और एक ही रहेगा।

प्रश्न-(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। 1

(ii) गद्यांश का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। 2

(iii) भारत राष्ट्र की मुख्य विशेषता क्या है ? 1

(iv) अनेकता' तथा 'मजबूत' के विलोम शब्द लिखिए। 1

प्रश्न 26. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

नर हो, न निराश करो मन को,
कछ काम करो, कुछ काम करो।
जग में रहकर कुछ नाम करो।
यह जन्म हुआ किस अर्थ अहो।
समझो, जिससे यह व्यर्थ न हो।
कुछ तो उपयुक्त करो मन को।
नर हो, न निराश करो मन को॥

प्रश्न-(i) मनुष्य को क्या करना चाहिए? 2

(ii) आदमी का जन्म किस उद्देश्य से हुआ है? 2

(iii) इस पद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

प्रश्न 27. अपनी सहेली को पत्र लिखकर उसके स्वास्थ्य के विषय में जानकारी लीजिए। 5

अथवा

अपने विद्यालय के प्राचार्य को स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु एक प्रार्थना-पत्र लिखिए।

प्रश्न 28. (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए- 7

(i) जल संरक्षण

(ii) पर्यावरण प्रदूषण

(iii) राष्ट्रीय एकता

(iv) विद्यार्थी और अनुशासन

(v) आतंकवाद : कारण और निदान।

(ब) उपर्युक्त विषयों में से जिस पर निबन्ध लिखा गया हो, उसे छोड़कर शेष विषयों में से किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए। 3